भारत का नया स्तनपायी: व्हाइट चीक्ड मकाक

हाल ही में ‘ज़ूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया’ (ZSI) के वैज्ञानिकों ने देश में एक नई स्तनपायी प्रजाति- ‘व्हाइट चीक्ड मकाक’ (मकाका ल्यूकोजेनिस) की खोज की है।

इस प्रजाति को पहली बार चीन में वर्ष 2015 में खोजा गया था, इससे पहले भारत में इसके अस्तित्व के बारे में नहीं पता था।
अब भारतीय वैज्ञानिकों ने मध्य अरुणाचल प्रदेश के सुदूर अंजॉ ज़िले में इसकी उपस्थिति का पता लगाया है।
नवीनतम खोज से भारत में स्तनपायी जानवरों की संख्या 437 से 438 हो गई है।

//

व्हाइट चीक्ड मकाक:

व्हाइट चीक्ड मकाकके गाल सफेद होते हैं, गर्दन पर लंबे और घने बाल होते हैं तथा लंबी पूँछ होती है, यह अन्य मैकाक से काफी अलग होती है।
यह दक्षिण पूर्व एशिया में खोजा गया अंतिम स्तनपायी है।
अरुणाचल मकाक और व्हाइट चीक्ड मकाक दोनों पूर्वी हिमालय में एक ही जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट में मौजूद हैं।
व्हाइट चीक्ड मकाकऔर अरुणाचल मकाक (मकाका मुंजाला) के साथ-साथ मकाक की अन्य प्रजातियाँअसमिया मकाक (Macaca assamensis) और रीसस मकाक (Macaca mulatta) हैं जो एक ही भूदृश्य में पाई गई हैं।
परिदृश्यमें मकाककीसभीप्रजातियों के लिये संभावितखतरास्थानीयलोगों द्वाराशिकारऔरशहरीकरणएवं बुनियादीढाँचे के विकासके कारण आवास में गिरावट है।
यह प्रजाति भारत केवन्यजीव संरक्षण अधिनियम द्वारा संरक्षित नहीं है, क्योंकि अब तक यह ज्ञात नहीं था कि यह प्रजाति भारत में मौजूद है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-newest-mammal-white-cheeked-macaque